**Class -3** **Sub- Hindi** **Sep-Oct Month**

# पाठः ८

# बंदर - बांट

## लेखकः हरिवंश राय बच्चन

प्रश्न:(१) कठिन शब्द

१: **बिल्लिया**

२: खेलने

३: कचहरी

४: बंदर

५: रोटी

६: झगड़ा

७:न्याय

८:समझदार

९: मूर्ख

१०:अधिकार

प्रश्न:(२) शब्दार्थ लिखिए।

१: मूर्ख: नासमझ

२: समझदार: बुद्धिमान

३: अधिकार:हक

४: झगड़ा: लड़ाई

५: न्याय: फैसला

६: कचहरी: जहां फैसला सुनाया जाता है

७:चतुर: चालाक

८: तराज़ू: वजन करने का माध्यम

९:मेंज: टेबल

१०:झपट:छिनना

प्रश्न:(३) अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१: दोनों बिल्लियां कैसी चीजें ढूंढ रही थी?

उत्तर: दोनों बिल्लियां खाने की चीजें ढूंढ रही थी।

२: बिल्लियों के झगड़े का फैसला करने के लिए बंदर ने उन्हें कहां बुलाया?

उत्तर: बिल्लियों के झगड़े का फैसला करने के लिए बंदर ने उन्हें कचहरी में बुलाया।

३:सारी रोटी कौन खा गया?

उत्तर: सारी रोटी बंदर का  गया।

४: तराज़ू लेकर कौन भाग गया?

उत्तर: तराज़ू लेकर बंदर भाग गया।

५: दोनों बिल्लियों को आप क्या कहेंगे?

उत्तर: दोनों बिल्लियों को हम मूर्ख कहेंगे।

६: गद्यांश में कौन किससे बात कर रहा है?

उत्तर: गद्यांश में बंदर बिल्ली से बात कर रहा है।

७: बिल्लियां किस किस रंग की हैं?

उत्तर: बिल्लियां काली और सफेद रंग की हैं।

८: बंदर कौन सा फैसला करने के लिए तैयार हैं?

उत्तर: बंदर रोटी का फैसला करने के लिए तैयार हैं।

९: बंदर बिल्लियों को कहां चलने के लिए कहता है?

उत्तर: बंदर बिल्लियों को कचहरी में चलने के लिए कहता है।

प्रश्न: (४) लघु प्रश्न के उत्तर लिखिए।

१: रोटी पर सबसे पहले किसकी नजर पड़ी?

उत्तर: रोटी पर सबसे पहले सफेद बिल्ली की नजर पड़ी।

२: काली बिल्ली ने किसे ,किस प्रकार से डरपोक साबित किया?

उत्तर: काली बिल्ली ने सफेद बिल्ली को डरपोक साबित किया ।

३: सफेद बिल्ली ने रोटी पर अपना हक किस प्रकार जताया?

उत्तर: सफेद बिल्ली ने कहा कि पहले रोटी मैंने देखी इसलिए यह मेरी है।

४: काली बिल्ली ने रोटी पर अपना हक किस प्रकार जताया?

उत्तर: काली बिल्ली ने कहा कि यह रोटी पहले मैंने ली है इसलिए यह मेरी है।

५: रोटी के लिए कौन कौन लड़ रहा था?

उत्तर: रोटी के लिए सफेद बिल्ली और काली बिल्ली लड़ रही थी।

६; दोनों बिल्लियों को लड़ने से किसने रोका?

उत्तर: दोनों बिल्लियों को लड़ने से बंदर ने रोका।

७: बिल्लियों की बातें सुनकर बंदर ने क्या फैसला सुनाया?

उत्तर: बिल्लियों की बातें सुनकर बंदर ने कचहरी में फैसला सुनाया।

८: बंदर ने तराज़ू का प्रयोग कर बिल्लियों को किस प्रकार मूर्ख बनाया?

उत्तर: बंदर ने तराज़ू का प्रयोग कर बिल्लियों की रोटी खाकर मूर्ख बनाया।

९: बिल्लियों द्वारा रोटी का बचा -खुचा टुकड़ा मांगने पर बंदर ने क्या कहा?

उत्तर: बिल्लियों दरवाजा  रोटी का बचा -खुचा टुकड़ा मांगने पर बंदर ने कहा की इतने टुकड़े से तुम्हारा क्या होगा।

१०:आपस में झगड़ने से बिल्लीयों को क्या हानी हुई?

उत्तर: आपस में झगड़ने से बिल्लियों की रोटी बंदर खा गया।

११: बंदर-बांट नाटक से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर: बंदर-बांट नाटक से शिक्षा मिलती है कि हमें आपस में झगड़ा  नहीं करना चाहिए।

प्रश्न :(५) लघु प्रश्न के उत्तर लिखिए

१: काली बिल्ली ने रोटी पर अपना हक कैसे जताया?

उत्तर: सबसे पहले सफेद बिल्ली ने रोटी को देखा और सोचा कि मैं यह रोटी ले लूं तब तक काली बिल्ली ने रोटी लपक ली और कहने लगी कि यह रोटी तो मेरी है क्योंकि इसको मैं लेकर आयी हुं। तुमने तो सिर्फ देखा ही है मैं तो रोटी लेकर आयी हूं।

२: बिल्लियों को किसने और कैसे मूर्खबनाया?

उत्तर: बिल्लियों को बंदर ने मूर्ख बनाया। बंदर ने कहा कि मैं तुम्हारी रोटी का फैसला में कचहरी में करुंगा और बंदर धर्म- कांटा लेकर आया और रोटी के टुकड़े रख कर बाद में सारी रोटी खा गया और दोनों बिल्लियां उस बंदर को देखते रह गई।

प्रश्न: (६) व्याकरण विभाग: विशेषण

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

जैसे: बड़ा, लंबा, भारी, सुंदर,कायर, टेढ़ा-मेढ़ा,खट्टा,आदि विशेषण शब्दों के उदाहरण है।

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छांटकर लिखिए।

१: मां ने गुलाबी साड़ी पहनी है। (गुलाबी)

२: मक्खी बहुत शेखीबाज़ थी। ( शेखी बाज़)

३: किसान की गाय बहुत मरियल थी।(मरियल)

४: दिल्ली में ऊंची- ऊंची इमारतें हैं। ( ऊंची-ऊंची )

५:यश बड़ा बुद्धिमान हैं। ( बुद्धिमान )

(ख)  सही विशेषण चुनकर खाली स्थान भरिए।

( खट्टे, गरम, नीला, पवित्र, बूढा)

१: गंगा पवित्र नदी है।

२: लोमड़ी ने कहा कि अंगूर खट्टे हैं।

३: आसमान नीला है।

४: बूढा आदमी सड़क पार कर रहा है।

(ग) निम्नलिखित  विशेषणों का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

१: छोटा- रामू छोटा बच्चा है।

२: दयालु- ईश्वर बहुत दयालु होता है।

३: साफ- हमें विद्यालय साफ रखना है।

४:मोटा- हाथी बहुत मोटा प्राणी है।

प्रश्न:(७) लेखन विभाग: निबंध लेखन

शिक्षक दिवस

१: भारत में शिक्षक दिवस ५ सितंबर को मनाया जाता है।

२:५ सितंबर को १८८८ को डां सर्वपल्ली राधाकृष्णन  का जन्मदिन है।

३:जो भारत के दुसरे राष्ट्रपति थे।

४:वह एक शिक्षक और दार्शनिक भी थे।

५: शिक्षक हमें कड़ी  मेहनत से आगे बढ़ना सिखाते हैं।

६: शिक्षक हमें विद्यालय में पढ़ाते हैं।

७: शिक्षक हमें अनुशासन सिखाते हैं।

८: शिक्षा के क्षेत्र में उनका स्थान देखते हुए उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

९: राधाकृष्णन बच्चों से बहुत प्यार करते थे।

१०: शिक्षक का स्थान जीवन में  बहुत बड़ा होता है।

११:शिक्षक हमें अच्छे बुरे की पहचान करना  सिखातें है।

१२:शिक्षक बिना किसी भेद भाव और सर्वार्थ के सभी बच्चों को एक समान प्यार करते हैं।

प्रश्न:(८) बिल्ली का चित्र बनाए और उसमें रंग भरे।

पाठ : ९

कब आऊं

लेखक: आर. एस. त्रिपाठी

प्रश्न:(१) कठिन शब्द लिखिए।

१:अंवती

२:रंगना

३: परेशान

४: मंसूबा

५:प्रंशसा

६:भांपना

७: ईर्ष्या

८: तारीफ

९: हिम्मत

१०: पसंद

प्रश्न:(२) शब्दार्थ लिखिए।

१: परेशान- हैरान

२: मंसूबा-इरादा

३:प्रंशसा- तारीफ

४: भांपना- अनुमान करना

५: ईर्ष्या- जलन

६: हिम्मत- ताकत

७: पसंद- रूचिकर लगने वाली

८: दिन-दिवस

९: चाल- गति

१०: रंगाई: रंग करना

प्रश्न:(३) अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१:अंवती ने किस चीज़ की दुकान खोली?

उत्तर: अंवती ने रंगाई की दुकान खोली।

२: अंवती की प्रशंसा सुनकर किसे ईर्ष्या होने लगी?

उत्तर: अंवती की प्रशंशा सुनकर सेठ को ईर्ष्या होने लगी।

३: सेठ ने कितने रंगों के नाम गिनाए थे जो उसे पंसद न थे?

उत्तर: सेठ ने नौ रंगो के नाम गिनाए थे जो उसे पंसद न थे।

४: अंवती ने सेठ के दिए हुए कपड़े को कहां रखा था?

उत्तर: अंवती ने सेठ के दिए हुए कपड़े को अलमारी में रखा था।

प्रश्न:(४) लघु प्रश्न के उत्तर लिखिए।

१: क्या गांव  वाले अंवती के काम से प्रसन्न थे?

उत्तर: हां , गांव वाले अंवती के काम से प्रसन्न थे।

२: सेठ किसके हुनर को परखना चाहता था?

उत्तर: सेठ अंवती के हुनर को परखना चाहता था।

३: सेठ ने दुकान पर पहुंचकर अंवती से क्या कहा?

उत्तर: सेठ ने दुकान पर पहुंचकर अंवती से कहा कि मेरा कपड़ा रंग दो।

४: सेठ कपड़े को किस रंग में रंगवाना चाहता था?

उत्तर: सेठ  हरा, पीला, सफेद, लाल,नारंगी  ,नीला, आसमानी,काला और बैंगनी रंग  को छोड़ कर रंगवाना चाहता था।

५: अंवती ने सेठ को दोबारा किस दिन आने के लिए कहां?

उत्तर: अंवती ने सेठ को सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को छोड़कर आने को कहा।

६: अंवती के मुख से कपड़े लौटाने की बात सुनकर सेठ ने क्या समझ आ गया था?

उत्तर: अंवती के मुख से कपड़े लौटाने की बात सुनकर सेठ समझ गया कि मेरी चाल उल्टी पड़ गई।

७: सेठ और अंवती में से कौन अधिक बुद्धिमान था?

उत्तर: सेठ और अंवती में से अंवती अधिक बुद्धिमान था।

८: अंवती को कौन परेशान करना चाहता था?

उत्तर: अंवती को सेठ परेशान करना चाहता था।

९: सेठ अपने साथ कौन सी चीज लाया था?

उत्तर: सेठ अपने साथ कपड़ा लाया था।

१०: सेठ ने अंवती क ो कौन सा काम सौंपा था?

उत्तर: सेठ ने अंवती को कपड़ा रंगने का काम सौंपा था।

११: सेठ ने अंवती को अपने आने का क्या कारण बताया?

उत्तर: सेठ ने अंवती को अपने आने का कारण बताते हुए कहा कि मैं यह कपड़ा रंगाने आया हूं।

प्रश्न:( ५ ) दीर्घ प्रश्न के उत्तर लिखिए।

१: सेठ को किसने काम से ईर्ष्या होने लगी तब सेठ ने क्या किया?

उत्तर: सेठ को अंवती के काम से ईर्ष्या होने लगी तब सेठ ने अंवती की परीक्षा लेने के लिए सोचा तब सेठ ने अंवती के पास जाकर कहा कि मैं यह कपड़ा रंगाने के लिए लाया हूं। मुझे हरा, पीला, सफेद, लाल, नारंगी,नीला, आसमानी,काला और बैंगनी रंग पंसद नहीं है।

२: सेठ की चाल उल्टी कैसे पड़ी?

उत्तर: सेठ ने जब अंवती को नौ रंगों के नाम गिनाए थे जो सेठ को पंसद नहीं है तब अंवती समझ गया और बोला कि सेठ आप कपड़ा लेने के लिए सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को छोड़कर बाकी सब दिन आ सकतें हैं । इस तरह से सेठ की चाल उल्टी पड़ी।

प्रश्न:(६) व्याकरण विभाग: पर्यायवाची शब्द

पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर: पर्यायवाची शब्द उन्हें कहते हैं जब भिन्न-भिन्न शब्दों का अर्थ समान हो।

इसी कारण इन्हें समानार्थी शब्द भी कहते हैं।

पर्यायवाची शब्द के कुछ उदाहरण।

१:औरत- स्त्री

२: ईश्वर- भगवान

३: मित्र- सखा

४:आंख- नेत्र

५: धरती-धरा

६: पुस्तक-किताब

७: फूल- पुष्प

८: हवा- पवन

९:नभ-आकाश

१०: सरिता- नदी

११: सुबह- सवेरा

१२:राजा-नृप

१३: मनुष्य- मानव

१४: तालाब- सरोवर

१५: आदर-सम्मान

१६:देह-शरीर

१७:खून-रक्त

१८:रात-रात्री

१९: पृथ्वी-भ ू

२०:जल-नीर

प्रश्न:(७) लेखन विभाग: पत्र लिखिए

गीष्म अवकाश में अपने नाना नानी के साथ रहने के लिए पिताजी से अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

२३, अराधना सोसायटी,

पंजाब

१० जून, २०२०

आदरणीय पिताजी,

सस्नेह नमस्ते,

पिताजी म ेरी वार्षिक परीक्षा पूरी हो गई है और मेरी परीक्षा काफी अच्छी हुई है।

और मुझे विश्वास है कि मैं काफी अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होऊंगा।

मेरा ग्रीष्म अवकाश ८ जून से २५ जून तक का होने वाला है

पिताजी मुझे ग्रीष्म अवकाश में नानाजी के घर जाना है । बहुत साल हो गए हैं मैं उनसे नहीं मिला।

मेरा अवकाश इस साल थोड़ा ज्यादा दिनों का होने वाला है। तो मैं नानाजी के घर जाना चाहता हूं। तो क्या

आप मुझे नानाजी के घर जाने की अनुमति देंगे। ताकि मैं नानाजी से मिल सकूं।

आपका लाड़ला बेटा,

रोहन

प्रश्न:(८) रंगाई करते हुए व्यक्ति का चित्र बनाए और उसमें रंग भरे।

# पाठ:१०

# कयोंजीमल और कैसे-कैसलिया

कठिन शब्द:

१: दोस्त २: मुलाकात ३: भटकना ४: मौका

५:चक्की६: साइकिल ७: बाजार ८: थैली

९:भाप १०:परात ११:फुर्र १२:पिसवाना

शब्दार्थ:

१: जवाब: उत्तर

२: दोस्त:मित्रवर,मित्र

३: मौका: अवसर

४: मुलाकात: मिलना

५: थैली : झोला

६: पैदल: पांवसे चलाना

७:चक्की:आटा पिसने की मशीन

८:सानना:गुदंना

९:भाप:वाष्प

१०: पानी:जल

अति लघु प्रश्न:

१:कयोंजीमल और कैसे-कैसलिया कौन थे?

उत्तर:क्योजीमल और कैसे-कैसलिया दोनों दोस्त थे।

२:गुरुजी बाज़ार कर्मो जा रहे थे?

उत्तर: गुरुजी गेहूं पिसवाने बाजार जा रहे थे।

३: गुरुजी बाजार कैसे जा रहे थे?

उत्तर: गुरुजी बाजार पैदल जा रहे थे।

४: बाजार कौन जा रहा था?

उत्तर: बाजार गुरुजी जा रहे थे।

लघु प्रश्न:

१:क्योंजीमल को बात-बात में क्यापूछने की आदत थी?

उत्तर: क्योंजीमल को हर बात में क्यों– क्योंपूछने की आदत थी।

२: कैसे-कैसे पूछने के लिए कौन बेचैन रहता था?

उत्तर: कैसे-कैसे पूछने के लिए कैसे-कैसलिया बेचैन रहता था।

३:कयोंजीमल और कैसे-कैसलियाकी भेंट किससे हुई थी?

उत्तर:कयोंजीमल और कैसे-कैसलिया की भेंट गुरूजी से हुई थी।

४: शिवदास ने गुरुजी की किस प्रकार से मदद की?

उत्तर:शिवदास ने अपनी साइकिल देकर गुरुजी की मदद की थी।

५: रोटी बनाने के लिए क्या-करता करनापड़ता हैं? पाठ के आधार पर लिखिए?

उत्तर:रोटी बनाने के लिए सबसे पहले आटा गूंथना पड़ता है बाद में उसकेछोटे-छोटे रुपए बनाकर रोटी बेलते है बाद में उसको तवे पर सेकते है।

६: रोटी बनाने के क्रम में आटे में कौन-कौन सी चीजें मिलाते हैं?

उत्तर: रोटी बनाने के क्रम में आटे में पानी और थोड़ा सा नमक मिलाकर गुथा जाता है।

लघु प्रश्न:

१:क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया कौन थे? औरउनकी मुलाकात किससे हुई थी?

उत्तर:क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया दोनों दोस्त थे ।और उनकी मुलाकात गुरुजी से हुई थी।गुरूजी ने उन दोनों को अपना शिष्य बनाया था तो वह गुरु की सब बातें मानते थे।

२: रोटी बनानेकी विधि का वर्णनकरो?

उत्तर: सबसेपहले एक परात में आटा लेंगेऔर उसमें एक चुटकी नमक डालकर थोड़ा-थोडा पानी डालकर उसे अच्छी तरह से गुथेगे। बाद में उसके छोटे-छोटे गोले बनाकर उसकी रोटी बेलेगे बाद में उसे तवे पर सेकेगे ।

व्याकरण विभाग: विलोम शब्द

प्रश्न: विलोम शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर:जब किसी शब्द का उल्टाया विपरीत अर्थ दिया जाता है उसे विलोम शब्द कहते हैं।

उदाहरण:ऊपर: नीचे

उल्टा:सीधा

अंदर : नीचे

काला : गोरा

जन्म : मरण

नकली : असली

सुबह : शाम

फूल : कांटा

देशी : विदेशी

निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम शब्द के सामने दिए गए विकल्पों में से छांटकरलिखिए।

१:शत्रु : दुश्मन, मैत्री ,मित्र ,मूर्ख

२:दंड : सजा ,इनाम,मार, अपमान

३: मुश्किल : कठिन,जरुरी,हर, आसान

४: शांति: क्लेश, अशांति,सुख, आनंद

५: बदबू: खुशबू, सुंदर, असुंदर, सीधा

६: कठोर: मरण, कोमल, असली,देश

७: सुबह : नकली, शाम, ताजा, सुंदर

८: सरल: राजा, कठिन, गरीब, जीवन

९: राजा: रंक, उजाला, असुंदर, सीधा

१०: गरीब: अमीर, सुख, शत्रु, दंड

लेखन विभाग:अनुच्छेद लिखो।

व्यायाम

- व्यायाम शरीर के संचालन का एक तरीका है।
- व्यायाम शरीर को उचित दशा में रखने का काम करता हैं।
- व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है।
- व्यायाम करने से शरीर में स्फूर्ति आती है।
- व्यायाम करने से मन शांत रहता हैं।
- बच्चे खेल-कूद करके अपना व्यायामकरते हैं।
- व्यायाम करने के लिए अनेक विधियां काम में ली जाती है।
- व्यायाम शरीर के संचालन का एक अच्छा तरीका है।
- व्यायाम करने से शरीर को लाभ होता है।
- प्रत्येकव्यक्तिको कुछ न कुछ व्यायाम अवश्य करना चाहिए।
- साइकिलचलाना, तैरना,सैर करना इत्यादि ये सब व्यायाम के तरीके हैं।
- व्यायाम करने से पुरा दिन हमारा अच्छा गुजरता है।
- व्यायाम करने से शरीर कभी बीमार नहीं पड़ता है।
- व्यायाम हमें रोज करना चाहिए।।
- व्यायाम हमारे शरीर के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

प्रवुति: चक्की का चित्र बनाए और उसमें रंग भरे।